
हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सटीक
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
26 अक्टूबर 2026, बरेली

PAGE NO 4 : MIDDLE



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते प्रतिभागी।

रिद्धिमा में कफन और पंचलाइट का मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को तीन दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन हुआ। थिएटर विशेषज्ञ एवं निर्देशक राघव जोशी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने अभिनय की बारीकियां सीखीं। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने दो नाटकों का मंचन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को दो टीमों में बांटा गया। पहली टीम ने मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी कफन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया, जबकि दूसरी टीम ने फणीश्वरनाथ रेणु की चर्चित कहानी पंचलाइट का मंचन किया।